# राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (NPSS)


स्रोत: द हिंदू

हाल ही में केंद्र सरकार ने **राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (NPSS)** की शुरूआत की है, जो एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित मंच है, जिसका उद्देश्य **किसानों का कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों से संपर्क कराना** है ताकि कीट/पीड़क नियंत्रण उपायों को बढ़ाया जा सके।

- यह पहल **कीटनाशी खुदरा विक्रेताओं पर किसानों की निर्भरता को कम करने** और **कीट प्रबंधन के** लिये **वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने** की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## NPSS प्लेटफॉर्म की विशेषताएँ:

- **AI-संचालित विश्लेषण:** यह प्रणाली कीटों के संक्रमण पर वास्तविक समय के डेटा का विश्लेषण करने के लिये **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** का उपयोग करती है, जिससे समय पर कृषि हस्तक्षेप में सहायता मिलती है।
- **प्रत्यक्ष संचार:** किसान अपने मोबाइल फोन के माध्यम से **प्रभावित फसलों या कीटों की इमेज को अपलोड करके विशेषज्ञों के साथ आसानी से संवाद** कर सकते हैं, जिससे त्वरित निदान और उपचार किया जा सकता है।
- **कीटनाशकों पर निर्भरता में कमी: NPSS** का उद्देश्य सटीक कीट प्रबंधन सलाह प्रदान करके कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करना है, जिससे टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा मिलता है।
- **व्यापक पहुँच:** इस प्लेटफॉर्म से **भारत भर में लगभग 140 मिलियन किसानों को सहायता** मिलने की उम्मीद है, जिससे विशेषज्ञ सलाह तक उनकी पहुँच बढ़ेगी।
  - यह ऐप किसानों को **कीट/पीड़क प्रबंधन पर सटीक सलाह** देकर अनावश्यक कीटनाशक खरीद से बचने में मदद करेगा।
- **स्थानीय पहुँच के साथ एकीकरण:** राज्य-स्तरीय पहुँच कार्यक्रमों के माध्यम से प्रौद्योगिकी का प्रसार किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि किसानों को उनकी स्थानीय कृषि चुनौतियों के अनुरूप सहायता मिले।




**और पढ़ें:** [कृषि में आधुनिक तकनीक को अपनाना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-pest-surveillance-system-npss